कोटद्वार, बुधवार
12 मार्च 2025
वर्ष: 46
अंक: 296 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जम्मू–कश्मीर में दर्दनाक सड़क हादसा, गहरी खाई में टेम्पो गिरने से 4 लोगों की मौत, 8 घायल

श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में हादसा होने की खबर सामने आ रही है। जहां एक टेम्पो वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। जानकारी के अनुसार इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जम्मू से बागनकोट जा रहा टेम्पो वाहन गहरी खाई में गिर गया, अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। हादसे में घायल हुए लोगों को अस्पताल दाखिल करवाया गया है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### पूर्व प्रधान की मौत

बागेश्वर। कपकोट के मल्लादानपुर के पिंडर घाटी में बाहरी बाबाओं के पहुंचने पर स्थानीय लोग भड़क गए हैं। उन्होंने उन पर मंदिर सामग्री बाहर फेंकने का आरोप लगाया है, जिसे आस्था के साथ खिलवाड़ बताया है। लोगों में आक्रोश है। ग्राम पंचायत सोराग के धुर में मंदिर है। गांव वाले वहां पर्व आदि पर पूजा करते आए हैं, लेकिन बाहर से आए दो बाबाओं ने ग्रामीणों के मंदिर से दीये, धूप सामग्री, शंख, लोहे से बने अन्य सामान मंदिर से बाहर कर दिए। ग्रामीणों से कोई बात भी नहीं की। विरोध करने पर उन्हें डराने–धमकाने लगे। इस पर गांव के लोग मंदिर में एकत्र हुए। उप प्रधान उमराव सिंह ने ब्लॉक प्रशासक गोविंद दानू तथा पुलिस को सूचना दी। दानू ने कहा कि ग्रामीण गुस्से में हैं। उनका कहना है कि वह रात में वहां रुक रहे हैं। मंदिर की सामग्री फेंके जाने की जांच कराने की मांग है। कहा कि पूर्व में यहां शराब के नशे में वाहन चलाने पर चार युवा तथा युवतियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इससे पूर्व एक घटना में महिला का अभी तक पता नहीं चल सका है। इससे पहले नंदाकुंड देवी मंदिर में भी बवाल हुआ था। दानू ने कहा कि लोगों की आवाजाही बढ़ रही है। पुलिस को सत्यापन करना जरूरी है। उधर, थानाध्यक्ष कपकोट खुशवंत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर घटना की जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिंडर घाटी की तरफ जाने वालों का सत्यापन भी कराया जाएगा।

### गुलदार की मौत

हरिद्वार। पथरी थाना क्षेत्र के गांव कमला नगर रेलवे ट्रैक पर गुलदार का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वन पर वनप्रभाग की टीम ने मौके पर जाकर अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। वन प्रभाग की टीम ने गुलदार का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पथरी जंगल के बीच से रेलवे ट्रेक निकला हुआ है। मंगलवार सुबह पथरी थाना क्षेत्र के गांव कमला नगर स्थित रेलवे ट्रैक पर रेल से टकराने पर एक गुलदार की मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी । सूचना मिलते ही वन प्रभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी हरिद्वार वनप्रभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई। सूचना पर हरिद्वार से टीम मौके पर पहुंची और गुलदार के शव को कब्जे में लेकर हरिद्वार स्थित पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वनक्षेत्र अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया गुलदार की मौत रेल की टक्कर से हुई है गुलदार का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों की हड़ताल 10 दिन के लिए स्थगित

रुद्रपुर। कमिश्नर के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने अपनी हड़ताल 10 दिन के लिए स्थगित कर दी है। अधिवक्ता जीवन जोशी ने बताया कि सभी लोग काम पर लौट आये है। अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक बीती 24 फरवरी से अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 व यूसीसी कानून लागू होने के पश्चात् अनिवार्य विवाह पंजीकरण व वसीयत पंजीकरण व प्रस्तावित पेपरलेस बैनामा रजि० के कार्य में अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक को बाहर किए जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर रहे थे। मंगलवार को अधिवक्ता और दस्तावेज लेखको ने 10 दिन के लिए कार्य बहिष्कार स्थगित कर दिया। अधिवक्ता जीवन जोशी ने बताया कि बीते सोमवार अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों की हल्द्वानी में कमिश्नर से वार्ता के बाद फिलहाल 10 दिन के लिए हड़ताल को समाप्त किया गया।

# मॉरीशस का सर्वोच्च पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने मोदी

## बोले— यह ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान

**मॉरीशस ।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया है, जो दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है।



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है। मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है।

सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे। मैं आपके फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान है। भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जब भी मैं मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे में अपने ही लोगों के बीच हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और मॉरीशस के संबंधों में मधुरता बढ़ी है। मॉरीशस के नागरिकों को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, मैं दस साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था। यह होली के सप्ताह बाद दौरा था और मैं अपने साथ 'फगवा' की खुशी लेकर आया था। इस बार मैं होली के रंगों को अपने साथ भारत ले जाऊंगा।

### दिल्ली के आनंद विहार में झुग्गी में लगी आग, तीन लोगों की जलकर मौत

नई दिल्ली ,दिल्ली के आनंद विहार इलाके में झुग्गी–झोपड़ी में आग लगने से तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है, जहां करीब दो बजे आग लग गई। जानकारी के अनुसार, डीडीए की खाली जमीन पर झुग्गी बनी हुई थी।

चश्मदीद नितिन ने बताया कि उसे रात में करीब दो बजे आग लगने की खबर मिली, जिसके बाद झुग्गी छोडक़र वह भाग गए। उन्होंने बताया कि उनके तीन साथी भी उसी झुग्गी में रहते थे और उन्हें लगा कि वे तीन लोग भी अपनी जान बचाकर बाहर निकल गए हैं, लेकिन वे तीनों बाहर नहीं निकल पाए थे और आग लगने से तीनों की जलकर मौत हो गई।

नितिन ने बताया कि झुग्गी में बिजली नहीं थी, जिस वजह से डीजल लैंप जलाया जा रहा था, जिससे आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस–प्रशासन मौके पर पहुंचे और आग बुझने के बाद तीनों शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है।

# राज्यसभा में खडगे की टिप्पणी पर जोरदार हंगामा, नेता प्रतिपक्ष को मांगनी पड़ी माफी

नई दिल्ली ,राज्यसभा में मंगलवार को एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखा संवाद देखने को मिला। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े की एक टिप्पणी पर सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने कड़ा विरोध जताया और माफी की मांग की। इसके तुरंत बाद खडग़े ने स्पष्ट किया कि उनकी यह टिप्पणी उपसभापति हरिवंश के प्रति नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों के प्रति थी। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें इससे ठेस पहुंची है तो वह माफी मांगते हैं।कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह द्वारा शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की जानी थी। दिग्विजय सिंह के बोलने से पहले राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े सदन में हो रहे शोर–शराबे के बीच बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा, हमने इस पर बोलने के लिए तैयारी भी की है। इसके बाद उन्होंने कुछ ऐसी बात कही जिस पर सत्ता पक्ष की तरफ से आपत्ति की गई। नेता सदन जे.पी. नड्डा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, यह बहुत ही दुख की बात है। नेता प्रतिपक्ष जो इतने अनुभवी हैं, लंबे समय तक प्रदेश और संसद में रहे हैं, लोकसभा में और राज्यसभा में नेता और सदस्य के रूप में भी काम



किया, उन्होंने यहां जिस भाषा का उपयोग किया वह निंदनीय है। उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष को अपनी इस टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आसन के प्रति जिस प्रकार के शब्द का उपयोग किया है, वह अस्वीकार्य है। जेपी नड्डा ने कहा कि यह भाषा माफी के योग्य नहीं है, फिर भी नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। उन्हें अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए, नहीं तो उनके शब्दों को सदन की कार्यवाही से बाहर निकालना चाहिए। मल्लिकार्जुन खडग़े ने इस पर सफाई देते हुए कहा, मैं माफी चाहता हूं। सर, मैंने आपके लिए कुछ नहीं बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने सरकार की नीतियों के प्रति यह बात कही थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, यदि आपको मेरी बातों से ठेस लगी तो मैं आपसे माफी मांगता हूं, लेकिन सरकार से नहीं। इसके बाद उन्होंने अपनी बात रखनी शुरू की। जेपी नड्डा ने कहा कि खडग़े ने अपने वक्तव्य के लिए आसन से माफी मांगी है जो सराहनीय है, लेकिन उन्होंने सरकार के बारे में जो शब्दावली कही है वह भी निंदनीय है और वह भी कार्यवाही से बाहर निकाली जानी चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने किया चार हेली सेवाओं का शुभारंभ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**• हेली सेवाएं दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों के लिए जीवनरेखा के रूप में करेंगी कार्य : धामी**

पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चार हेली सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया है। इन सेवाओं के जरिए जरिए देहरादून से नैनीताल, बागेश्वर और मसूरी और हल्द्वानी से बागेश्वर का हवाई सम्पर्क स्थापित हो गया है। सीएम ने कहा कि हेली सेवाएं राज्य में न केवल आवागमन को सुगम बनाएंगी, बल्कि दैवीय आपदा के समय राज्य के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों के लिए भी एक जीवनरेखा के रूप में भी कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में हवाई संपर्क को और अधिक सशक्त बनाने के लिए घरेलू उड़ानों को बढ़ावा देने के साथ ही उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के विस्तार के लिए भी लगातार प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्लउड़ानह्व योजना के अंतर्गत शुरू की जा रही इन चार हेली सेवाओं से राज्य में पर्यटन एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। बागेश्वर नैनीताल और मसूरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। इन क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वादियां, हरे-भरे पहाड़, ऐतिहासिक मंदिर और समृद्ध संस्कृति देश और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। नैनीताल अपनी मनोरम झीलों, नयना देवी शक्तिपीठ और कैंची धाम जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। सरयू और गोमती नदी के पावन संगम पर स्थित बागेश्वर का क्षेत्र, पवित्र बागनाथ मंदिर और प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले के लिए जाना जाता है।

### किराया विवरण

01 – देहरादून–नैनीताल
किराया – 4500 प्रति यात्री
देहरादून से उड़ान– सुबह 8.15, दोपहर– 02.25 बजे
नैनीताल से उड़ान– सुबह 9.10, दोपहर– 03.20 बजे

02 – देहरादून–बागेश्वर
किराया — 4000 प्रति यात्री
देहरादून से उड़ान– सुबह 10.20, दोपहर– 12.30 बजे
बागेश्वर से उड़ान– सुबह 11.10, दोपहर– 01.20 बजे

03 – हल्द्वानी–बागेश्वर
किराया – 3500 प्रति यात्री
हल्द्वानी से उड़ान– सुबह 08.30, दोपहर– 02.45 बजे
बागेश्वर से उड़ान– सुबह 09.00, दोपहर– 03.00 बजे

04 – देहरादून–मसूरी
किराया – 2578 प्रति यात्री

हेली सेवा की शुरुआत से अब इन क्षेत्रों की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का आनंद लेने वाले पर्यटक यहां और भी आसानी से पहुंच सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून से इन स्थानों पर पहुंचने में सड़क मार्ग से लगभग 8 से 10 घंटे लगते हैं, इस सेवा के प्रारंभ होने से यह यात्रा करीब 1 घंटे की हो जाएगी। इमरजेंसी की स्थिति में इन क्षेत्रों में रहने वाले हमारे लोगों को बहुत सहायता मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काऊ खजानदास, श्रीमती सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव सचिन कुर्वे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी युकाडा श्रीमती सोनिका, वर्चुअल माध्यम से विधायक सुरेश गड़िया, श्रीमती पार्वती दास, राम सिंह कैड़ा एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बस पलटने से तीन छात्रों की मौत

नागौर ,राजस्थान के नागौर जिले में दो अलग–अलग सडक़ हादसों में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुमित चौधरी ने बताया कि पहला हादसा मंगलवार सुबह हुआ, जब छात्रों से भरी एक बस पलट गई। यह बस चंडीगढ़ से जोधपुर कैंपिंग के लिए जा रही थी। इस दुर्घटना में तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हाई सेंटर जोधपुर रेफर किया गया है।

# जवाड़ी बाईपास पुल का साइड एप्रोच क्षतिग्रस्त, आवाजाही बंद

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय के नजदीक जवाड़ी बाईपास पर बने पुल के एवडमेंट से लगे एप्रोच में निर्माण कार्य के चलते अचानक एप्रोच क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। जवाड़ी बाईपास से जाने वाले वाहनों की आवाजाही मुख्य बाजार से ही हो रही है, जिससे यहां सुबह और शाम के वक्त जाम की स्थिति पैदा हो रही है। केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाले गुलाबराय के पास जवाड़ी बाईपास में बने पुल पर बीते कुछ दिनों से एनएच लोनिवि की कार्यदायी संस्था द्वारा एप्रोच को पुल के निचले स्तर से ही ठीक करने का काम किया जा रहा है, जिसके चलते यहां जेसीबी मशीन से खुदाई हो रही थी।

# सीएम योगी ने की सफाई कर्मचारियों पर पुष्पवर्षा

## बोले – माफियाराज झेलने वाले प्रयागराज का हुआ कायाकल्प

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा भी की। सीएम योगी ने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ महाकुंभ के संदेश को साकार किया है। महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोडऩे के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा। एक समय प्रयागराज माफियाराज से जकड़ चुका था, दुर्दांत माफिया पूरे प्रयागराज को रौंद रहे थे। आज महाकुंभ के कारण उसका कायाकल्प हो गया। यहां विकास



के अनेक बड़े–बड़े कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन और पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है। सीएम योगी ने सरकार के बाद सफाईकर्मियों के सम्मान के पहले सार्वजनिक आयोजन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकडक़र आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थर भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुंभ की नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य–भव्य महाकुंभ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। सामूहिक प्रयास को जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता–पिता को महाकुंभ में स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए।

### कमर्शियल वाहनों की ग्रीन कार्ड के बिना चार धाम में नो एंट्री

देहरादून , चारधाम यात्रा में आने वाले कमर्शियल वाहन चालकों को अब ग्रीन कार्ड के बिना एंट्री नहीं मिलेगी। इस बार ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को और भी सुगम बना दिया है। देहरादून आरटीओ सुनील शर्मा ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि चारधाम यात्रा के लिए एक माह पहले ही ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे। पीली प्लेट की जितनी भी गाडियां हैं उनके लिए ही ग्रीन कार्ड बनाना जरूरी होगा, चाहे वाहन प्रदेश का हो या दूसरे राज्य का हो। बसों के संचालन के लिए यूनियन से बातचीत कर रोटेशन सिस्टम लागू किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि ग्रीन कार्ड एक फिटनेस सर्टिफिकेट है। बिना फिटनेस के वाहन चालकों को ग्रीन कार्ड नहीं मिलेगा। छोटी गाड़ी 400 और बड़ी गाड़ी की फीस 600 रुपये है। उसकी फिटनेस के बाद उसको ऑनलाइन ही ग्रीन कार्ड जारी कर दिया जाएगा। हिंदू धर्म के सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक माने जाने वाले चारधाम यात्रा का हिंदुओं के दिलों में अन्य हिंदू तीर्थस्थलों की तुलना में एक अलग धार्मिक महत्व है। यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिलकर बनी चार धाम यात्रा अप्रैल/मई के महीने से शुरू होती है।

# बड़ा एक्शन : कई राज्यों में 150 से ज्यादा वारदात को अंजाम देने वाला गैंगस्टर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

रांची ,झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में 150 से भी ज्यादा आपराधिक वारदात अंजाम देने वाला कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। यह मुठभेड़ पलामू जिले के चैनपुर में हुई है। अमन पिछले कुछ महीनों से छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल में बंद था। झारखंड पुलिस ने उसे हाल में अंजाम दी गई घटनाओं के संबंध में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था। पुलिस की टीम उसे सोमवार की रात रायपुर से लेकर रांची ला रही थी। बताया गया कि रायपुर से रांची के रास्ते में चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा नामक जगह पर अमन के गैंग ने पुलिस की गाड़ी पर बम से हमला किया। इससे पुलिस की गाड़ी असंतुलित हो गई।

पुलिस का दावा है कि अमन साहू ने मौके का फायदा उठाने की कोशिश की और पुलिस का हथियार छीनकर भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास



किया तो उसने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें अमन साहू मारा गया। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साहू की मौत की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया है कि मुठभेड़ में एक जवान को भी गोली लगी है। मौके पर एंबुलेंस को भेजा गया है। अमन रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का रहने वाला था। आपराधिक मामलों की जांच में यह बात सामने आई थी कि अमन साहू के संबंध कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से हैं। वह पूर्व में झारखंड की सरायकेला जेल में बंद था। 14 अक्टूबर, 2024 को छत्तीसगढ़ की पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर ले गई थी। तभी से वह रायपुर जेल में बंद था। अमन साहू दो मामलों में अदालत से सजायाफ्ता था। झारखंड के रामगढ़ के एक आपराधिक मामले में उसे छह साल और लातेहार के एक मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई थी। तीन दिन पहले रांची में कोल ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा पर फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी अमन साहू के गैंग ने ली थी। अमन के सबसे खास गुर्गे मयंक सिंह ने इसे लेकर बकायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट डाला था।

तेजःक्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।
भवन्ति संपदं दैवीमभिजातस्थ भारत॥ (गीता 163)

**श्रेष्ठ पुरूषों की उस शक्ति का नाम तेज है जिसके प्रभाव से उनके सामने विषयासक्त और हीन प्रकृति वाले मनुष्य भी प्रायः अन्यायाचरण से रूककर उनके कथनानुसार श्रेष्ठ कर्मों में प्रवृत हो जाते हैं।**



प्रमुख लोकतंत्र सेनानी, गढ़वाल विश्व विद्यालय के संस्थापक, उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के अग्रणी व जयन्त संस्थापक

## नरेन्द्र उनियाल

(12 मार्च 1952–23 जुलाई 1981)

की 74वीं जयन्ती पर

**श्रद्धा के साथ हम सब आपका स्मरण करते हैं और आपके द्वारा दिखाई गई राह तथा आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं।**

**समस्त जयन्त परिवार**

# सम्पादकीय

## भारत की कर संग्रहण प्रणाली सुधार की दिशा में आगे बढ़ रही

हमारे देश भारत की कर संग्रहण प्रणाली सुधार की दिशा में आगे बढ़ रही है। देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है। कर विशेषज्ञ इसे कर प्रणाली में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है। भारत के अड़ोस–पड़ोस के कई देशों की अर्थव्यवस्था नियोजन के अभाव, भ्रष्टाचार तथा लोकलुभावन नीतियों के व्यय बोझ से चरमरा गई।इसलिए भारत में वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने के जो प्रयास बेहद जरूरी थे किए गए। यहां उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 प्रतिशत बढ़ा है।चालू वित्त वर्ष के पहले ही महीने यानी अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं। यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 प्रतिशत अधिक है।आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल–पुथल के बीच रूस–यूक्रेन युद्ध तथा गाजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है।उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है।वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है।इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा।आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि किन–किन महीनों में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये का आकंड़ा पार करता है।यहां यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी में इस बार 27.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ संगृहीत राशि 94,153 करोड़ रुपये रही।दूसरी ओर राज्य जीएसटी संग्रह में आशातीत 25.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।इस तरह राज्यों की जीएसटी संग्रह राशि 95,138 करोड़ हो गई।यानी राजस्व प्राप्ति की राह में राज्यों की भागीदारी में भी सुधार देखा गया है। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार, सिक्किम, मेघालय नगालैंड को छोड़कर सभी राज्यों में इस साल के पहले महीने जीएसटी राजस्व में वृद्धि हुई है।आर्थिक विशेषज्ञ जीएसटी वृद्धि के मूल में उपभोक्ता उत्पादों की ज्यादा खपत का योगदान बता रहे हैं।गर्मी बढने़ की चिंता में उपभोक्ता बड़े पैमाने पर एसी व फ्रिज आदि खरीदते हैं। बच्चों के शैक्षिक सत्र समापन के चलते बच्चों की छुट्टियों में पर्यटन बढने़ को भी एक वजह माना जा रहा है।निस्संदेह, लंबी यात्राओं के चलते आर्थिक गतिविधियों में तेजी आती है।वहीं आम चुनावों के चलते चुनाव प्रक्रिया में जुड़े व्यवसायों की आय में हुई वृद्धि की भी इसमें भूमिका हो सकती है।हमें मानना होगा कि वित्तीय नियामक एजेंसियों की सक्रियता तथा जीएसटी अधिकारियों द्वारा प्रशासनिक सुधारों को प्राथमिकता देने से भी जीएसटी संग्रह में वृद्धि का यह रुझान दिख रहा है।इसमें जहां रिटर्न भरने के लिये सख्ती, फर्जी चालान पर अंकुश, पंजीकरण की अनिवार्यता को लेकर सख्ती से भी वस्तु–सेवा कर संग्रहण में वृद्धि हुई है।

# श्री नरेन्द्र उनियाल तो आज भी जीवित हैं

### जयन्त पर विशेष



समय साक्षी है कि उत्तराखण्ड के निर्भीक पत्रकार, लो. कनायक, लेखनी के धनी और राष्ट्र भक्त श्री नरेन्द्र उनियाल को इस संसार से विदा हुए लगभग 43 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं लेकिन वे सूक्ष्म में यहाँ की जनता के मन और मस्तिष्क में अभी भी जीवित हैं क्योकि वे अपने जीवनकाल में धरातलीय जीव नहीं रहे। श्री नरेन्द्र को श्री से स्वर्गीय बनने की यात्रा मात्र उन्नतीस वर्ष की थी और इसी उन्नतीस वर्षीय जीवन यात्रा में ये इतने आदर्श स्थापित कर चुके थे, जितने आदर्श एक सामान्य व्यक्ति सौ वर्ष की आयु प्राप्त करके भी प्राप्त नहीं कर सकता है। श्री नरेन्द्र उनियाल का पदार्पण कोटद्वार में अस्सी के दशक में हुआ था। उस युग में यह नगरी पत्र–पत्रिकाओं की नगरी हुआ करती थी।

इनके यहाँ आने से पूर्व कर्मभूमि, सत्यपथ, समृद्ध भारत जैसे लोकप्रिय पत्र यहाँ की संस्कृति, राजनीति और समाचारो को कोटद्वार से बाहर पहुँचाने के लिए कृत संकल्प थे। तब ये इतने लोकप्रिय थे कि इन समाचार पत्रों को पढ़ने के लिए कोटद्वार ही नहीं उत्तराखण्ड के कोने–कोने में बैठे पाठक भी लालायित रहते थे। उस युग में इस नगर को सम्पादकाचार्य श्री भैरव दत्त धूलिया, सत्यपथ के सम्पादक श्री ललिता प्रसाद नैथानी, वैरिस्टर मुकुन्दीलाल, श्री मधुरशास्त्री, जगमोहन सिंह नेगी, श्री बलदेव सिंह आर्य जैसे यशस्वीजनों का आशीर्वाद प्राप्त होता था। ऐसे समय में अभी–अभी अपनी शिक्षा ग्रहण करने वाले नये–नये शिक्षक बने कोटद्वार के लिए एकदम अपरचित कुंवारे नवयुवक का पत्रकारिता जगत में प्रवेश करना बड़ा आश्चर्यजनक था। उस युग में समाचार पत्रों में बड़ी प्रतिस्पर्धा थी।

इस पर इस नगर में आने वाले अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रादेशिक समाचार पत्रें का पाठकों के मन मस्तिष्क पर छा जाना भी एक बड़ी चुनौती थी, जो कि आज भी बनी हुई है। उस युग में इन पत्र–पत्रिकाओं के सम्पादक और पाठक किसी न किसी राजनैतिक पार्टी के धवजवाहक अवश्य हुआ करते थे। ऐसे में बिना किसी धरातल, विचारधारा तथा अर्थविहीनता की चुनौती को स्वीकार करने वाला वह युवक गढ़वाल की जनता को आश्चर्य चकित करने लगा, जो कि कोटद्वार नगर से ''धधकता पहाड़'' जैसे साप्ताहिक समाचार पत्र का सम्पादन और प्रकाशन कर रहा था। जिसने कि तत्कालीन भ्रष्टाचारियों की नाक में नकेल डाल दी थी। उस समय इस पत्र की भाषा, भाव और विषयों से आकर्षित होकर लोग उस युवक से परिचय बढ़ाने लगे थे। जिसका नाम श्री नरेन्द्र उनियाल था।

श्री नरेन्द्र उनियाल इस समाचार पत्र के सम्पादन और प्रकाशन के पश्चात् अब किसी से अपरचित नहीं रहे। इनके इस नये–नये परिचय का इतना प्रभाव पड़ा कि इनका पत्र सामान्य जनता की आवाज बन गया। इसी आवाज से पहाड़ धधकने लगे, लोगों में जागृति आयी और वे अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों से परिचित हुए तथा पर्वतीय जन मानस दूर–दूर से आकर अपनी समस्याओं को इस लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ और आवाज के समक्ष रखने लगे थे। इससे ''धधकता पहाड़'' साप्ताहिक समाचार पत्र चर्चित हो गया और पर्वतीय जनपदों की जनता इसकी प्रशंसक हो गयी।

इसको लोकप्रिय बनाने में श्री नरेन्द्र उनियाल का संघर्ष और शौर्य काम आये और आज जबकि यह समाचार पत्र अस्तित्व में नहीं है फिर भी वह अमर है, इसके एका एक लुप्त हो जाने के पश्चात् गढ़वाल पत्रकारिता जगत के जितने भी इतिहास लिखे गये उनके समाचार पत्र की संघर्षयात्रा और श्री नरेन्द्र उनियाल को सादर उन इतिहासों में स्थान दिया गया था। इस नाते इस इतिहास में श्री नरेन्द्र उनियाल हमारे मध्य में जीवित हैं। श्री नरेन्द्र उनियाल आज भी हमारे मध्य जीवित है। इसका प्रमाण है वर्तमान में भारत का वह राष्ट्रवाद जिसकी अवधारणा एक समय में डॉ0 हेडगेवार ने की थी जो एक लम्बी अवधि से इस देश में फल–फूल रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिसका संवाहक है जिसका 'हिन्दू हिन्दी और हिन्दुस्तान' की अवधारणा ही मूल मंत्र रहा, भगवा पताका जिसकी राष्ट्रीय पताका है स्वतन्त्रता से पूर्व मानचित्र ही जिसका मानचित्र है और जिसे विश्वास है कि भारत का वर्तमान खण्डित मानचित्र एक न एक दिन अखण्ड भारत के मानचित्र के रूप में अस्तित्व में आयेगा, जहाँ वन्देमातरम् भारत का राष्ट्रगान होगा। जहाँ की शिक्षा पूर्णत: भारत के जनमानस के अनुकूल होगी, जहाँ हर व्यक्ति चरित्रवान होगा, जिसके सनातन धर्म में वे सनातन धर्मी भी स्वीकारेगें जो आतंकवादियों के द्वारा मृत्युभय और लालच देकर विधर्मी बना दिये गये थे। ऐसे ही विचार धारा वाले संगठन के सदस्य ही नहीं परिपोषक थे श्री नरेन्द्र उनियाल। इस विचार धारा से श्री उनियाल कैसे प्रभावित हुए? सम्भवत: इसका उत्तर होगा कि श्री नरेन्द्र उनियाल ने इस राष्ट्रीय विचारधारा के साहित्य का गहनता से अध्ययन किया।

संघ के संगठन को और बल प्रदान करने इसके बौद्धिक व्याख्यान सुने, संघ की शाखाओं में गये ये, उन लोगों के सम्पर्क में आये जो कि आर. एस. एस. की विचारधारा के संवाहक थे, इसीलिए ये इस विचारधारा से ओतप्रोत हुये। यद्यपि इनके सद्‌मित्रों में ऐसे भी लोग थे जो इनकी विचारधारा से अलग कुछ और ही सोचते थे। इनमें से अधिकतर पर गाँधीवाद, मार्क्सवाद जैसी विचार धााराओं का रंग चढ़ा था लेकिन वे श्री उनियाल को अपने पथ से भटका नहीं सके। यही नहीं इनकी इस विचारधाारा से बड़े–बड़े सरकारी अफसर और प्रशासक भी परिचित थे। इसलिए उन्होंने श्री उनियाल जी का नाम मात्र राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पंजिकाओं में ही अंकित नहीं किया था अपितु उच्चाधिकारी इनके राष्ट्रवाद के प्रेम से इतने भयभीत थे कि उन्होंने इनका नाम अपनी–अपनी डायरियों में भी नोट किया हुआ था। श्री नरेन्द्र उनियाल ने अभी अपने जीवन के पच्चीस वर्ष भी नहीं व्यतीत किये होंगे अनेक आन्तरिक कारणों से भारत में आपातकाल घोषित हो गया और लोकतन्त्र की प्रक्रिया में सारा राष्ट्र इसकी परिधि में आ गया। देश में मात्र कांग्रेसियों को छोड़कर अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को बन्दी गृहों का अतिथि बना दिया गया। मीडिया का लिखने का अधिकार छीन लिया गया। ऐसे में नरेन्द्र उनियाल जैसे राष्ट्रवादी विचारक कैसे बचते इन्हे भी इन्ही की इच्छा पर जेल भेज दिया गया। इससे इनका पत्र धधकता पहाड़ भी बन्द हो गया और बन्द हो गयी वह पर्वतवाणी जो इससे पूर्व भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठा करती थी।

लगभग 19 माह तक बन्दीगृह में रहने के बाद जब ये जेल से बाहर आये तब तक ये अपना बहुत कुछ खो चुके थे। जेल निवास की अवधि में इन्होंने स्वास्थ खोया, पत्र खोया और उन हितैषियों को खो दिया जो इनकी विचारधारा के थे। जिनके हृदय में श्री नरेन्द्र उनियाल के समान ही परिस्थितियों की राख में दबी हुई राष्ट्रप्रेम की चिंगारी तब तक जीवित रही जब तक उसने उस दीपक का वरण नहीं कर लिया जो वर्तमान राष्ट्र के शीर्ष सत्ता के रूप में विश्व के अंधो मार्गों को भी प्रकाशित कर रही है श्री नरेन्द्र उनियाल हमारे मध्य में इसी विचारधारा के रूप में अभी भी जीवित हैं।

श्री नरेन्द्र उनियाल अब भी जीवित है, इस जयन्त पूर्व साप्ताहिक और वर्तमान में दैनिक समाचार पत्र के रूप में जिसे हम 'धधकता पहाड़' साप्ताहिक का पुनर्जन्म और भस्मांकुर कह सकते हैं। श्री उनियाल ने इसकी परिकल्पना तब ही कर ली थी जब ये कारागार की अभेद्य दीवारों के बीच में उस विचारधारा की पराजय देख रहे थे। जो विचारधारा वर्तमान में पल्लवित और पुष्पित हो रही है लेकिन जैसे अवधारणा है कि पराजय के पश्चात् जय या विजय अवश्य होती है इसलिए तो शब्द सारथियों ने परा के पश्चात् जय शब्द को स्थान देकर पराजितो में भी जय की सम्भावनाएं की हैं। इसी शब्द पर चिन्तन करने के पश्चात् श्री नरेन्द्र उनियाल ने अन्त में जय होगी के भाव से 'जयन्त' शब्दो को केन्द्र में रखकर जेल की दीवारों से बाहर आ 'जयन्त' समाचार पत्र का प्रकाशन किया। वर्तमान में जो उनकी यशोगाथा गा रहा है। इन्होंने अपने दैनिक जीवन में जहाँ इसी नाम से एक प्रिटिंग प्रेस की स्थापना की वही जयन्त के माधयम से ये अपनी राजनैतिक विचारधारा को परिपुष्ट तो कर ही रहे थे समाज के कुछ ज्वलन्त प्रश्नों को उठाते और उनका उत्तर भी ढूढ़ते थे लेकिन दुर्भाग्य से इनका दैनिक शरीर एक लम्बी और असाध्य व्याधि के चपेट में आकर क्षीण होने लगा था। परन्तु आत्म शरीर को प्रतिष्ठा और कीर्ति प्राप्त होने लगी।

इनका दैनिक शरीर ज्यों-ज्यों क्षीण होता आत्मिक शरीर और बलवान तथा ऊर्जास्वित होने लगा था दुर्भाग्य से सांसारिक शरीर समाप्त होने के पश्चात् भी श्री नरेन्द्र उनियाल ने जीवन भर ऐसे ही सद्‌कार्य किये थे जिन्होंने इनकी ख्याति बढ़ायी थी और ख्याति कभी मरती नहीं है, मृत्यु तो मात्र मर्तिका शरीर की होती है इसीलिए तो मृतक शरीर के मिट्‌टी में मिल जाने की प्रक्रिया को मृत्यु कहा जाता है परन्तु कीर्तिवान व्यक्तियों की मृत्यु नहीं होती क्योंकि कीर्ति मर्तिका नहीं होती यह सतत्, सनातन शाश्वत और सार्वकालिक होती है यही कीर्ति इतिहास निर्माण की नींव है जो व्यक्ति कीर्तिवन्त होता है। इसी कृति को श्री नरेन्द्र उनियाल ने अपनी दूरदर्शिता विचार, सेवा, त्याग, सहिष्णुता और परोपकार से अर्जित की उसने इन्हे इतिहास पुरूष बना दिया ये राजनीति के भी नायक है तो पत्रकारिता के इतिहास पुरूष भी, ये अनेक आन्दोलनो के आन्दोलनकर्ता थे तो समाज सुधारक भी, इसलिए जब कभी भी उत्तराखण्ड में के इतिहासकार इन सभी विषयों का क्रमबद्ध इतिहास लिखते हैं तो उनके इतिहास में श्री नरेन्द्र उनियाल का नाम भी स्वत: स्थान पा जाता है। वर्तमान में जबकि इस इतिहास पुरूष की 73वीं जयन्ती पर इनके अनुज श्री नागेन्द्र उनियाल पूर्व की भांति इस अवसर पर 'उत्तराखण्ड: दशा और दिशा'' का आयाजन कर रहे हैं। ऐसे में उन पर केन्द्रीत इस कृति का नामकरण ऐसे शब्दों के माध्यम से किया जाना चाहिए जिसमें जीवन्तता हो और आमजन श्री नरेन्द्र उनियाल के जीवित होने का अनुभव कर सकें।

हे जीवन्त पुरूश सतत्–सतत् प्रणाम !

**– प्रोफेसर नन्दकिशोर ढौंडियाल 'अरुण' डी० लिट्०**

## स्वर्गीय नरेंद्र उनियाल को उनकी 74वीं जयन्ती पर सस्मरण

### श्रद्धांजलि

कौन राष्ट्र का प्रचेता था, कौन हिमालय लाल था ।
सच पूछो तो एक अकेला, नरेंद्र उनियाल था ।।
जन्म लिया जिसने गढ़ भू में, गढ माटी में खेला था ।
जीवन जिसके लिय हमेशा, संघर्षों का मेला था ।।
शिक्षा ली जिसनें स्वदेश की, क्योंकि स्वदेशी चेला था ।
रहा भाव से दूर अभावों को, जिसने तन झेला था ।।
स्वयं बना तलवार कष्ट हित, और स्वयं में ढाल था ।
ऐसा अनुपम साहस का स्वर, नरेंद्र उनियाल था ।।
पत्रकारिता को जिसने नित, अपना इष्ट बनाया था ।
औरो से कुछ हटकर के ज्यों, नित्य विशिष्ट बनाया था ।।
छोटें बड़े सभी मानव को, ज्यों समदृष्ट बनाया था ।
पत्रकारिता जगत को जिसने, अति आकृष्ट बनाया था ।।
धधकता पहाड़ हृदय में, ऐसा बड़ा कमाल था ।
सम्पादक जयन्त पत्र का, नरेंद्र उनियाल था ।।
जिसकी आंखों में लकीर नहि, द्वेष और नहि रागभरी ।
जेल गया था गाते-गाते, ज्यों कि होलिका फाग भरी ।।
राष्ट्र हितैषी था वह ऐसा, जिसके उर में आग भरी ।
शीतलता थी उसमें इतनी, ज्यों मन गंगा झाग भरी ।।
गढ़वाली था गढ़वाली सा, और स्वयं गढ़वाल था ।
वाकूवीर लेखनी धनी वह, नरेंद्र उनियाल था ।।
सरल सहज नहि कपट केतु था, उसके मन में लहराया ।
जिसने अपने मन मन्दिर में, मात्र तिरंगा फहराया ।।
सारा जीवन शूलों में था, पर मन कुसुमों सा पाया ।
श्रद्धांजलि उस दिव्य पुरूष को जिसने नर तन था पाया ।।
तब भी अब भी पानी भरता, जिसके आगे काल था ।
सच पूछो तो ऐसा मानव, नरेद्र उनियाल था ।।

श्रद्धावनत

-प्रो. नन्द किशोर ढौंडियाल 'अरूण' डी. लिट

# कन्नप्पा से काजल अग्रवाल की पहली झलक आई सामने





काजल अग्रवाल की अपकमिंग तेलुगू पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हो चुका है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। पोस्टर में काजल मां पार्वती के किरदार में नजर आईं। कनप्पा के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया। पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती। काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते हुए लिखा, बहुत खूबसूरत। वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूड़ियों और मांग–टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए और उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है। कन्नप्पा के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से अपने बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास और अक्षय कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार कैमियो किरदार में नजर आएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया–इंग्लैंड 150वीं टेस्ट वर्षगांठ मनाने एमसीजी में ऐतिहासिक डे–नाइट मैच खेलेंगे

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में डे–नाइट टेस्ट खेलेंगे, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।बयान में कहा गया, 11–15 मार्च, 2027 को 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच पहली बार होगा, जब ऑस्ट्रेलियाई पुरुष एमसीजी में रोशनी में टेस्ट खेलेंगे, जहां 1877 में पहला टेस्ट मैच और 1977 में शताब्दी टेस्ट खेला गया था – उल्लेखनीय रूप से, दोनों ही मैच ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीते थे। एमसीजी में पहला डे–नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा, जो इस साल की शुरुआत में एमसीजी में ऐतिहासिक पहले डे–नाइट टेस्ट के बाद होगा, जहां ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं ने एशेज में क्लीन स्वीप किया था। सीए ने इस बात पर जोर दिया कि टेस्ट को दिन–रात के मैच के रूप में आयोजित किया जाए, जिससे अधिक लोग 150वीं वर्षगांठ टेस्ट देखने के लिए आ सकें, क्योंकि यह स्कूल की छुट्टियों के समय के बाहर खेला जाएगा। "एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ टेस्ट क्रिकेट के महान आयोजनों में से एक होगा और रोशनी में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।

# अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में लगातार 14वां मैच जीता



इंडियन वेल्स, कालोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना लगातार 14वां मैच जीता, जब उन्होंने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बनाने के लिए डेनिस शापोवालोव को 6–2, 6–4 से हराया। दो बार के गत विजेता अल्काराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया। शापोवालोव ने इस सत्र में 10–4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीतना भी शामिल है। फिर भी अल्काराज ने पूरी कमान संभाली और सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को हराया।अल्काराज ने जल्द ही 5–0 की बढ़त ले ली। हालांकि शापोवालोव ने अपनी लय पाई , लेकिन हाल ही में डलास ओपन चैंपियन विजेता को कभी भी मुश्किल में नहीं डाल पाया और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एक घंटे और 24 मिनट में आगे बढ़ गया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि उसने सीजन की शुरुआत बहुत मजबूती से की, डलास में खिताब के साथ वास्तव में अच्छा टेनिस दिखाया, अकापुल्को में अच्छा टेनिस खेला, इसलिए मुझे पता था कि मुझे मैच की शुरुआत वास्तव में मज़बूती से करनी होगी,

# सिनेमा का जादूगर, आमिर खान का 60वें बर्थडे से पहले फैंस को बड़ा तोहफा

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान आगामी 14 मार्च को 60 वां जन्मदिन मनाने जा रहे हैं. ऐसे में आमिर खान ने अपने जन्मदिन को फैंस संग मनाने के लिए खास इंतजाम किया है. पीवीआर आईनॉक्स ने आमिर खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर आमिर खानः सिनेमा का जादूगर नाम से एक स्पेशल फिल्म फेस्टिवल का एलान किया है. आमिर खान, जो अपनी दमदार परफॉर्मेंस और अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई उंचाई दी है. उनकी फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया है, बल्कि समाज को भी गहराई से प्रभावित भी किया है. इसी योगदान को सेलिब्रेट करने के लिए ये खास फेस्टिवल रखा गया है, जिसमें उनके बेहतरीन सिनेमाई सफर को बड़े पर्दे पर फिर से देखने का मौका मिलेगा. आमिर खान का करियर उनकी दमदार स्क्रिप्ट चुनने की आदत, रिकॉर्ड तोड़ फिल्मों और ऐसी कहानियों के लिए जाना जाता है, जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं. कयामत से कयामत तक से रोमांस का नया दौर लाने से लेकर लगान, तारे जमीन पर, 3 इडियट्स और दंगल जैसी फिल्मों से सिनेमा की सोच बदलने तक, आमिर ने अपनी फिल्मों से इंडस्ट्री पर गहरी छाप छोड़ी है. अजय बिजली, मैनेजिंग डायरेक्टर, पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड, ने आमिर खान की तारीफ करते हुए कहा, आमिर खान सिर्फ एक एक्टर ही नहीं, बल्कि इंडियन सिनेमा के सबसे बड़े ट्रेंडसेटर में से एक हैं, उन्होंने हमेशा हटके और दमदार कहानियां चुनी हैं, जो सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं देतीं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं, 3 इडियट्स जैसी फिल्म ने हमें सिखाया कि सक्सेस के पीछे भागने से ज्यादा जरूरी है एक्सीलेंस हासिल करना और यही आमिर की खासियत है, उनकी फिल्में लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं और बॉक्स ऑफिस पर झंडे भी गाड़ती हैं.

## सनी देओल की सुपरहिट फिल्म घातक फिर हो रही रिलीज

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म घातक बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 15 नवंबर, 1996 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसके हीरो सनी देओल हैं। लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 26.48 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।

अब करीब 29 साल बाद घातक को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। आइए बताते हैं कब। घातक को 21 मार्च, 2025 को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 28 फरवरी को दोबारा रिलीज होने वाली थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# बचपन से ही मेरा एक ही सपना था कि मैं भारत के लिए खेलूं: ऋषभ पंत



नई दिल्ली, दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत के विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था कि वे भारत के लिए खेलें, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ।

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था।

हालांकि, पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।

पंत ने जियो हॉटस्टार पर कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था – भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेश-क, यह एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ – जिसमें आईपीएल भी शामिल है – आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे–पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।

पंत अपने पावर–हिटिंग कौशल के अलावा अपने अपरंपरागत शॉट–मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे।

**एक नजर**

## ट्रेंचिंग ग्राउंड की बदबू से ग्रामीण परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम के स्थायी ट्रंचिंग ग्राउंड से उठ रही बदबू से आसपास के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कूड़े का सही प्रबंधन नहीं होने से यह स्थिति पैदा हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि गिरगांव में कूड़ा डंप करने के साथ मृत पशुओं के शव भी फेंके जा रहे हैं, जिससे बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। बताया कि कूड़े का सही प्रबंधन न होने से बिंडिल्या, तलसारी, कंडी, जखेड़ सहित कई गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण जितेंद्र सिंह, मीनाक्षी, सलोनी, अनिता देवी, सुनीता देवी, पवित्रा देवी का कहना है गिर गांव के समीप बनें ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा जलाया जाता है, जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं गंभीर बीमारियों का सबब बनता जा रहा है। तलसारी निवासी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जहां यह ट्रंचिंग ग्राउंड बनाया गया है, वह नगर निगम की जमीन नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां मृत गोवंशों के शव भी कूड़े के साथ फेंके जा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। बताया कि इससे उनकी बहन को श्वास की दिक्कत होने पर बेस चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। स्थिति इतनी खराब है कि उनकी बहन बोर्ड परीक्षा भी नहीं दे पाई है। बताया कि जब यह ट्रंचिंग ग्राउंड बनाया जा रहा था, तब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था, लेकिन प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि कूड़े का प्रतिदिन निस्तारण किया जाएगा। लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। (एजेंसी)

## हरित भविष्य के लिए पौध रोपण अनिवार्य

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के उद्यानिकी विभाग और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) देहरादून द्वारा संयुक्त रूप से चौरास परिसर में एक दिवसीय पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और सहकारिता के माध्यम से सतत विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह रौथाण और अन्य अतिथियों द्वारा उद्यानिकी अनुसंधान केंद्र चौरास परिसर में फलदार और शोभाकार पौधों का रोपण कर किया गया। कुलपति ने कहा कि हरित भविष्य के लिए पौधरोपण अनिवार्य है और सहकारिता के माध्यम से इसे और प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर एनसीडीसी देहरादून के क्षेत्रीय निदेशक अमित कुमार निगम ने विवि अधिकारियों को एनसीडीसी की योजनाओं से अवगत कराया। मौके पर विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश कुमार डोडी, निदेशक प्रो. आरएस नेगी, अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रो. एके नेगी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ओपी गुसाईं, प्रो. जेएस चौहान, प्रो. वाईएस फर्स्वाण, प्रो. एससी सती, प्रो. एमपीएस बिष्ट, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों के साथ एनसीडीसी के कृषक उत्पादक संगठन के 50 से अधिक किसान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। (एजेंसी)

## छात्रों को सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय नंदन नगर पालिका जूनियर हाईस्कूल में नशा उन्मूलन कार्यशाला के तहत गढ़वाल मंडलीय नशा उन्मूलन नोडल अधिकारी अखिलेश चंद्र चमोला ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों बताते हुए सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी। चमोला ने कहा कि हमारा दिमाग सबसे बड़ी संपत्ति है, इसे नशे से बचाना जरूरी है। होली के पर्व पर बच्चों को खुशहाल और नशा मुक्त जीवन का संदेश देते हुए उन्होंने 10 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका किरण नैथानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता बढ़ाते हैं। (एजेंसी)

# बाजार पर चढ़ा फागुन का रंग, महंगे हुए रंग व पिचकारी

### कोटद्वार बाजार में दिखने लगी होली त्योहार की रौनक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : होली त्योहार को लेकर कोटद्वार बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। दुकानों में अबीर-गुलाल की थाल सजने लगी है। बच्चों के लिए विभिन्न डिजाइन की पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। हालांकि, गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष रंग व पिचकारी के दामों में कुछ बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए व्यापारी प्रतिष्ठानों को बेहतर तरीके से सजा रहे हैं।

कुछ दिन बाद होली का त्योहार मनाया जाना है। ऐसे में कोटद्वार बाजार में होली का रंग नजर आने लगा है।



होली का पर्व निकट आने के साथ ही कोटद्वार क्षेत्र में सजी होली के सामान की दुकानें

अबीर-गुलाल के साथ ही पिस्टल, राकेट, गिटार के साथ ही संगीत की तान छोड़ने वाली पिचकारी बच्चों को खूब लुभा रही है। होली के रंग से बाल की सुरक्षा के लिए बाजार में बनावटी बाल भी उपलब्ध हैं। बाजार में बनावटी बाल की कीमत सौ रुपये से शुरू है। बाजार में कैमिकल रंगों के बजाय हर्बल रंग अधिक बिक रहे हैं।

**यह हैं बाजार भाव**

| सामान | दाम |
|---|---|
| बनावटी बाल | 100-250 |
| छोटी पिचकारी | 50-100 |
| म्यूजिक पिचकारी | 200-350 |
| राकेट पिचकारी | 150-250 |
| मुखौटा | 40-100 |

पिचकारी की बड़ी श्रृंखला भी बाजार में उपलब्ध है। पहली बार म्यूजिक पिचकारी भी बाजार में आई है। यह पिचकारी बच्चों के साथ ही बड़ों को खूब भा रही है। दुकानों में विभिन्न प्रकार के मुखौटे भी बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। कपड़ों की दुकान के बाहर हैंगर पर होली की पोशाक भी लगनी शुरू हो गई है।

## वाहनों की फिटनेस फीस बढ़ाने से आक्रोश

चमोली : कर्णप्रयाग में पोखरी पुल के निकट स्थित जय मां भगवती टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने 15 साल पुराने वाहनों की फिटनेस फीस में वृद्धि किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने फीस को पहले की तरह यथावत रखने की मांग उठाई है। सीएम को ज्ञापन भेजे ज्ञापन में वाहन स्वामियों ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में टैक्सी-मैक्सी से परिवहन व्यवसाय ही एकमात्र आय का साधन है, लेकिन सरकार द्वारा वाहन स्वामियों के ऊपर नए-नए नियम बनाकर एवं अत्यधिक पेपर शुल्क बढ़ाया जा रहा है। जिससे वाहन स्वामियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन दिक्कतों के कारण वाहन स्वामी अपने वाहन की फिटनेस एवं अन्य प्रपत्र नहीं करवा पा रहे हैं। कहा यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में यूनियन के अध्यक्ष विनोद सिंह, सचिव अनसुया प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं। (एजेंसी)

## 7.40 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में स्मैक के साथ पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को पुलिस व सीआईयू की टीम ने 7.40 ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत करीब दो लाख रुपये की बताई जा रही है। उपनिरीक्षक राजाराम डोभाल ने बताया कि मंगलवार को पुलिस बीइएल रोड में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक मोटाढांक नंदपुर निवासी सागर नेगी संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि जब युवक की तलाशी ली गई तो उसकी जेब से स्मैक बरामद हो गई। स्मैक की कीमत करीब दो लाख 22 हजार रुपये है। बताया कि युवक उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक लेकर उसे क्षेत्र के युवाओं को सप्लाई करने जा रहा था। लेकिन, इससे पहले ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। युवक को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



लैंसडौन में व्यापारियों व आमजन की बैठक लेती पुलिस

# शांति पूर्वक मनाएं होली का पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार/लैंसडौन : लैंसडौन पुलिस ने आमजन से होली का पर्व शांति पूर्वक मनाने की अपील की है। कहा कि यदि कोई भी कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्थानीय व्यापारियों, होटल संचालकों व आमजन के साथ बैठक की। कहा कि पर्यटक नगरी में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस गंभीरता से काम कर रही है। कहा कि कुछ दिन बाद मनाएं जाने वाले होली पर्व को लेकर भी पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। पुलिस ने सभी से होली पर्व को सौहार्द से मनाने की अपील की। बैठक में मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों से जुम्मे को लेकर भी चर्चा की गई।

# विहिप ने उठाई मांग, चैत्र नवरात्र पर बंद रहें मांस की दुकानें

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : चैत्र नवरात्र को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने शहर में मांस की दुकानें बंद रखने की मांग की है। कहा कि यदि कोई भी मांस की दुकान खोलता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएं। चैत्र नवरात्र मां दुर्गा की साधना का समय है।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष दीपक गौड़ के नेतृत्व में सदस्यों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन दिया। बताया कि शासन-प्रशासन को नवरात्र पर शहर में मांस की दुकानें बंद रखने के लिए कार्य करना चाहिए। नवरात्र पर्व को हिंदू समुदाय बड़े उत्साह से मनाता है। इन दिनों मां दुर्गा की साधना की जाती है। ऐसे में नवरात्र के नौ दिन मांस की दुकानें पूरी तरह बंद ही रखी जाएं। कहा कि पूर्व में कुछ अन्य समुदाय के व्यक्ति प्रतिबंधित मांस बेचते हुए भी पकड़े गए हैं। कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस व प्रशासन इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं करता। कहा कि पूर्व में सामने आया है कि उत्तर प्रदेश से कोटद्वार में प्रतिबंधित मांस की सप्लाई किया जाता है। ऐसे में पुलिस को कौड़िया के साथ ही अन्य चैक पोस्ट पर सख्ती दिखानी चाहिए। इस मौके पर जिला मंत्री कुलदीप सिंह रावत, सुनील कुमार अग्रवाल, गौरव कश्यप, हर्ष भाटिया, मीना अग्रवाल, रेखा सुंद्रियाल, आशा बलूनी, विनोद कुलाश्री आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार कोतवाली में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देते सदस्य

# जिलाधिकारी ने बोक्सा जनजाति के बच्चों संग मनाई होली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मंगलवार को कोटद्वार पहुंचे जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने हल्दूखाता में बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय में जनजाति के बच्चों संग होली का त्योहार मनाया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बोक्सा जनजाति के लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की मांग की है।

हल्दूखाता स्थित जनजाति बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बच्चों संग होली का पर्व मनाते हुए उन्हें उपहार भी भेंट किए। साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ भोजन भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। कहा कि प्रत्येक बच्चा प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा का हकदार है। हर बच्चा पढ़ लिख कर अपनी इच्छा के मुताबिक जीवन स्तर को बेहतर बना सके। इस हेतु बच्चों के भविष्य को लेकर निरंतर काउंसलिंग की आवश्यकता है। उन्होंने उप जिलाधिकारी कोटद्वार को निर्देश दिए कि बोक्सा समुदाय के बच्चों को शिक्षण क्षेत्र में आने वाली किसी भी संभावित रुकावट को दूर करने व कैरियर काउंसिलिंग के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को काउंसलर के तौर पर दायित्व आवंटित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा हमें पारखी बनाती है, इससे हम अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ प्रदेश व देश की तरक्की के लिए नए-नए विकल्पों को तलाश सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज व विकास की मूल धारा से पीछे हो चुके बच्चों को मुख्य धारा में वापस लाने के लिए देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि उनके लिए शिक्षण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी बोक्सा जनजाति समुदाय के बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर इस पीढ़ी के बच्चों के सुनहरे भविष्य के निर्धारण में अपनी भूमिका दें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कोटद्वार सोहन सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद, बोक्सा समुदाय की प्रतिनिधि प्रभा, विधानसभा अध्यक्ष प्रतिनिधि मणीराम शर्मा, अनिल बहुगुणा आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में बोक्सा जनजाति के बच्चों संग होली मनाते जिलाधिकारी

## छात्रों ने सीखें स्किल डेवलपमेंट के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विवि के करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल विभाग में व्यक्तित्व विकास को लेकर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण दिया। कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने कहा कि रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं का व्यक्तित्व विकास भी जरूरी है। कहा कि ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन से छात्र-छात्राओं का स्किल डेवलपमेंट विकसित होता है। विवि प्लेसमेंट सेल के चेयरपर्सन प्रो. राकेश डोडी ने कहा कि छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों में अच्छे पैकेज के साथ रोजगार मिलने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। उन्होंने मास्टर ट्रेनर दीया पंत द्वारा कार्यशाला में दिए गए प्रशिक्षण को छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी बताया। (एजेंसी)

# नौकरी के नाम पर युवक से ठगी रकम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पुलिस द्वारा लगातार जागरूक करने के बाद भी आमजन साइबर ठगी का शिकार हो रहा है। काशीरामपुर में एक युवक से नौकरी के नाम पर पैसों की ठगी की गई। हालांकि, पुलिस ने साइबर ठगों की ओर से ठगी गई रकम को वापस दिलवा दिया है।

मामले में युवक संजीव कुमार की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह आनलाइन नौकरी सर्च कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया और उक्त व्यक्ति सिपिंग मैनेजमेंट में प्लेसमेंट में नौकरी दिलवाने की बात कहने लगा। बताया कि जब उन्होंने पूरी जानकारी ली तो व्यक्ति ने कहा कि इसके लिए उन्हें कुछ रकम जमा करनी होगी। बताया कि व्यक्ति पर भरोसा कर उन्होंने अलग-अलग समय में उसके खाते में 84,500 रुपये डाले। जब व्यक्ति को फोन किया गया तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। जिससे उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। पुलिस ने बताया कि बैंक के साथ मिलकर उक्त व्यक्ति की धनराशि को वापस खाते में दिलवा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आमजन को लगातार साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बावजूद साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ना एक चिंता का विषय है। कहा कि हमें किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित खाते की जानकारी नहीं देनी चाहिए। किसी भी तरह की ठगी होने पर तुरंत पुलिस या संबंधित बैंक से संपर्क करें।

# ग्रामीण उपभोक्ताओं को आठ माह से नहीं मिले बिजली के बिल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड दुगड्डा के कई गांवों में विद्युत विभाग ने लगभग आठ से बिजली के बिल नहीं दिए हैं। उपभोक्ता इस बात से परेशान हैं कि अब संपूर्ण राशि का बिल एक साथ आएगा और उन पर एक साथ आर्थिक बोझ पड़ेगा। विभाग के अधिकारी बार-बार आग्रह के बाद भी इस अव्यवस्था को दूर नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व प्रधान जौरासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता चण्डी प्रसाद ने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ग्रामीण विद्युतीकरण खण्ड कोटद्वार के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को पिछले आठ माह से विद्युत बिल नहीं दिये गये है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के लोग रहते है। कहा कि विभाग के कर्मचारी कई माह से ना तो रीडिंग लेने आ रहे है और ना ही बिल दे रहे है। कहा कि 31 मार्च क्लोजिंग का रहता है, ऐसे में गरीब एवं मध्यम परिवार के लोग एक साथ लगभग आठ माह का बिल देने में सक्षम नहीं है। उपभोक्ताओं को डर है कि बिल जमा ना होने की स्थिति में कहीं उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया जायेगा। पूर्व प्रधान जौरासी चण्डी प्रसाद ने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग से अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें की गरीब एवं मध्यम परिवार के उपभोक्ताओं पर बिल जमा करने के लिए अनावश्यक दबाव न बनाया जाये, क्योंकि यह अवयस्था विभागीय लापरवाही के कारण हुई है। इसमें विद्युत उपभोक्ताओं की कोई गलती नहीं है। एसडीओ विद्युत विभाग रवि अरोड़ा द्वारा श्री कुकरेती के सुझाव को शीघ्र अमल में लाने का आश्वासन दिया गया।

## जीपीएस नवीनीकरण की व्यवस्था समाप्त करने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : पर्वतीय टैक्सी-मैक्सी महासंघ उत्तराखंड के वाहन स्वामियों ने सरकार द्वारा परिवहन से संबंधित नये नियम थोपे जाने पर रोष व्यक्त किया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में महासंघ के अध्यक्ष विरेंद्र सिंह रावत, सचिव महावीर बहुगुणा, संरक्षण भूपेंद्र सिंह कठैत और देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में परिवहन व्यवसाय ही एकमात्र आय का साधन है, लेकिन सरकार समय-समय पर परिवहन संबंधित नये-नये कानून लागू करने के साथ ही अत्याधिक पेपर शुल्क बढ़ाया जा रहा है, जिससे वाहन स्वामियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पंद्रह साल पुराने वाहनों की फिटनेस में की गई वृद्धि को पूर्व की तरह यथावत रखने, उत्तराखंड के वाहनों को ग्रीन कार्ड एवं ट्रिप कार्ड अनिवार्यता से मुक्त रखे जाने, जीपीएस नवीनीकरण की व्यवस्था समाप्त किए जाने और अन्य प्रदेशों के वाहनों पर उत्तराखंड से यात्रा पर जाने वाहनों को प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की। कहा कि यदि जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो वाहन स्वामी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। (एजेंसी)

# बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करवाएं ठेकेदार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : महापौर शैलेंद्र रावत ने कहा कि शहर के विकास के लिए वह गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। ऐसे में ठेकेदारों को भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देना चाहिए। यदि कहीं भी गुणवत्ता की कमी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

महापौर शैलेंद्र रावत ने नगर निगम के ठेकेदारों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कोटद्वार शहर के बेहतर विकास के लिए कई निर्माण कार्य होने हैं। इन निर्माण कार्यों को धीरे-धीरे धरातल पर उतारा जा रहा है। कहा कि निर्माण कार्यों को करवाने की जिम्मेदारी निगम के ठेकेदारों की है। ऐसे में उन्हें निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान देना चाहिए। साथ ही कार्य को निर्धारित समय पर भी पूर्ण करने पर ध्यान रखें। कहा कि कार्य की गुणवत्ता के लिए निगम की विशेष टीम भी गठित की गई है। जो समय-समय पर कार्य की जांच भी करेगी। इस दौरान उन्होंने ठेकेदारों से किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उनसे संपर्क करने को कहा।



नगर निगम में ठेकेदारों के साथ बैठक करते महापौर शैलेंद्र सिंह रावत

# पोस्टर में रोबिन, सुडोकू में श्रेया, पाई-रिसाइटल में शिवांश ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी में गणित विभाग की गणित परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस की पूर्व बेला पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान गणित के महत्व, अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस की मौलिकता, गणित को लेकर फोबिया के प्रति सजगता का संदेश दिया गया। इस मौके आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी रसायन के छात्र रोबिन सिंह रावत, सुडोकू में बीएससी द्वितीय सेमेटर की छात्रा श्रेया कुकरेती, पाई-रिसाइटल में बीएड के छात्र शिवांश, स्कैवेजर हंट में रोबिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। बीजीआर परिसर के गणित सभागार में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन परिसर निदेशक प्रो. यूसी गैरोला ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गणित को अक्सर एक बोझिल विषय माना जाता रहा है। लेकिन यह बोझिल नहीं, बल्कि मैजिकल विषय है। यह किसी भी तरह की समस्या का समाधान बड़ी तत्परता के साथ करने में हमेशा सहायक होता है। कहा विज्ञान की दुनिया हो या आम जीवन बिना गणित के कुछ भी आसान नहीं है। बताया कि 14 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस है, लेकिन उस दिन होली पर्व को देखते हुए परिसर की गणित परिषद ने पूर्व बेला पर यह सफल आयोजन किया है। इस दौरान आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी रसायन के छात्र रोबिन सिंह रावत ने प्रथम, एमएससी भौतिकी की छात्रा अंजलि फुलारा ने द्वितीय व बीएड की छात्रा आकांक्षा नेगी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सुडोकू में बीएससी द्वितीय सेमेटर की छात्रा श्रेया कुकरेती पहले, एमएससी की छात्रा समीक्षा सहगल दसूरे व बीएससी द्वितीय सेम की छात्रा आंचल सैनी तीसरे स्थान पर रही। पाई-रिसाइटल में बीएड के छात्र शिवांश ने पहला, बीएससी द्वितीय सेम की छात्रा ऋतिका ने दूसरा और बीएससी द्वितीय सेम की ही छात्रा श्रेया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति आर्मी नंबर 4088026N HAV प्रदीप कुमार ध्यानी के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम नीता देवी (NEETA DEVI) अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड तथा अन्य अभिलेखों में मेरा नाम नीता ध्यानी (NEETA DHYANI) अंकित है। अतः मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम नीता ध्यानी (NEETA DHYANI) लिखा/पढ़ा जाय।

**नीता ध्यानी (NEETA DHYANI) पत्नी प्रदीप कुमार ध्यानी निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0717/21)

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 344-DRM-MB-24-25 dt. 10.03.2025 | 346-DRM-MB-24-25 dt. 10.03.2025 |
|---|---|---|
| Name of Work | Supply of ballast on cess in MB-CH & CH-HGJ sections under Sr.DEN/HQ/MB. | Development and provision of office complex, boundary wall and sanitation work in STM workshop in south Colony/MB in the section of ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date / Time | 04.04.2025 | 04.04.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,96,39,500.00 | 1,17,03,100.14 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,48,200.00 | 2,08,500.00 |
| Tender Cost (Rs.) | – | – |
| Bidding Start Date | 21.03.2025 | 21.03.2025 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.03.2025 767/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### विश्व प्रसिद्ध नंदा देवी राजजात यात्रा बड़ी चुनौती : विधायक टम्टा

चमोली : थराली विधानसभा से विधायक भूपाल राम टम्टा ने मंगलवार को थराली वन विश्राम भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि 2026 में होने वाली विश्व प्रसिद्ध नंदा देवी राजजात यात्रा उनके लिए बहुत बड़ी चुनौती है और वह चुनौतियों को अवसर समझते हैं। विधायक टम्टा ने अपने तीन साल के कार्यकाल के संपन्न होने और होली के अवसर पर वन विश्राम भवन थराली में पत्रकार वार्ता आयोजित की। उन्होंने कहा कि 2026 में होने वाली विश्व प्रसिद्ध नंदा देवी राजजात यात्रा उनके लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। कहा कि आगामी नंदा देवी राजजात के पड़ावों पर पानी, बिजली, सड़क, शौचालय समेत आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए उनके द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की जा चुकी है। बताया कि 2026 में होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया जाएगा और नंदा देवी राजजात यात्रा को विश्व पटल पर अंकित करने के लिए उनके द्वारा अनेक प्रयास किया जा रहे हैं। टम्टा ने बताया कि नंदा देवी राजजात के 20 पड़ाव थराली विधानसभा में हैं, इसके अलावा अपने तीन साल के कार्यकाल को सफल बताते हुए उन्होंने बताया की उनके द्वारा सुपताल झलताल ट्रैक को पर्यटन के लिए अनेक प्रकार की सुविधा प्रदान की जाएगी, वहीं जंगली जानवरों के आतंक एवं फसलों को हो रही नुकसान के बारे में बताया कि जल्द ही कृषि विभाग से मिलकर फसलों को जंगली जानवरों से बचने के लिए चैन फेंसिंग एवं सेंसर की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने प्रदेशवासियों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नारायणबगड़ ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी, देवी जोशी, राकेश भारद्वाज, दलीप नेगी, त्रिलोक सिंह, गिरीश चमोला, रमेश नैनवाल समेत बड़ी संख्या में पत्रकार और भाजपाई मौजूद रहे। (एजेंसी)

### विदेशी शराब की दुकानों से मिला शत प्रतिशत राजस्व

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली जिले में आबकारी विभाग की ओर से संचालित 15 विदेशी मदिरा की दुकानों का सम्पूर्ण राजस्व जमा करवा दिया गया है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि राजस्व प्राप्ति के बाद आबकारी नीति के नवीनीकरण की प्रक्रिया 12 मार्च तक किया जाएगा। जबकि नवीनीकरण के बाद अवशेष दुकानों का आवंटन लॉटरी की प्रक्रिया से किया जाएगा। कहा कि दुकान आवंटन के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मार्च निर्धारित की गई है। बताया कि दुकानों की आवेदन प्रक्रिया में सम्पूर्ण उत्तराखण्ड के स्थाई निवासी आबकारी नीति में निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन कर सकेंगे।

### धौलास में आवासीय योजना को पूरा करने को एमडीडीए का अल्टीमेटम

देहरादून। धौलास आवासीय योजना का अधूरा काम पूरा करने के लिए मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अनुबंधित कंपनी ब्रिज एंड रूफ को एक साल का अल्टीमेटम दिया है। ऐसा नहीं करने पर योजना का काम वापस लेने की चेतावनी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत धौलास में 240 निर्धन वर्ग के परिवारों को फ्लैट उपलब्ध करवाए जाने हैं। दिसंबर 2022 में लॉटरी भी हो चुकी है। लाभार्थियों ने नियमानुसार 35 हजार रुपये भी जमा करवाए थे। लेकिन दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी काम पूरा नहीं हो पाया। कुछ समय पूर्व बोर्ड बैठक के दौरान निर्माण कार्य में लापरवाही पर प्राधिकरण ने कंपनी से काम वापस लेने का निर्णय लिया था।

इसके बाद कंपनी ने बजट जारी करने की मांग उठाई और शेष कार्य पूरा करने के लिए कुछ और समय की मोहलत मांगी। अधिशासी अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार ईडब्लूएस श्रेणी के आवास पहले तैयार करवाए जाएंगे। ताकि लाभार्थियों को इनका आवंटन हो सके। एक साल के भीतर काम पूरा नहीं हुआ तो कंपनी से योजना का काम वापस लिया जाएगा।

### चोरों ने बंद घर से जेवर और नकदी चुराई

देहरादून। क्लेमेनटाउन थाना क्षेत्र में चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर जेवर, नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कंचन थापा निवासी बेलरोड सोसाइटी क्लेमेनटाउन ने तहरीर दी कि वो सात मार्च को अपनी सास और वेटी के साथ बृंदावन गईं थी। सोमवार को सभी देहरादून लौटे।

# सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ रही लोगों की रूचि : सीडीओ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उरेडा निदेशक रंजन राजगुरु के निर्देशन में उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) पौड़ी गढ़वाल द्वारा जनपद स्तर पर सौर ऊर्जा नीति एवं विभिन्न संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना पर विस्तार से चर्चा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा योजनाओं के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे और अधिक प्रभावी बनाने हेतु ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। कार्यशाला मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न योजनाओं, उनकी



आवेदन प्रक्रिया एवं लाभार्थियों के हितों पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में उपस्थित लाभार्थियों और आम नागरिकों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को अधिकाधिक आयोजित करने की मांग की, जिससे सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़े। कार्यशाला में सौर ऊर्जा से संबंधित प्रमुख योजनाओं जैसे-सोलर वॉटर हीटर, हाई मास्ड सोलर स्ट्रीट लाइट, शासकीय भवनों में सोलर प्लांट की स्थापना एवं अन्य ऊर्जा उत्पादों की जानकारी दी गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना एवं सोलर मॉडल विलेज की संपूर्ण जानकारी दी गई। विधायक राजकुमार पौरी ने इस तरह की कार्यशालाओं को ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित करने का सुझाव दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें और सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, परियोजना अधिकारी राजेश्वरी विश्वकर्मा, मुख्य परियोजना अधिकारी मनोज कुमार, विधायक पौड़ी राजकुमार पौरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने किया आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाने का आह्वान

रुद्रप्रयाग : पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे के निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज नेगी द्वारा मंगलवार को कोतवाली रुद्रप्रयाग में समस्त समुदाय के लोगों की बैठक ली गई। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे और सौहार्द को बनाने के लिए सभी की जिम्मेदारी है कि वे त्योहारों पर एक सजग नागरिक की तरह कार्य करें। कोतवाली में नगर के सभी समुदाय के गणमान्य लोगों, स्थानीय व्यापारियों एवं व्यापार मण्डल पदाधिकारियों की बैठक में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही पर्व के दौरान होने वाली समस्याओं व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। सभी लोगों से होली पर्व के दौरान आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाते हुए क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# स्मार्ट मीटर लगाने का विभिन्न संगठनों ने किया विरोध

### एसडीओ के माध्यम से मुख्य महाप्रबंधक को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए सीपीएम, आम आदर्मी पार्टी, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, नागरिक कल्याण मंच ने विद्युत वितरण खंड कार्यालय में एसडीओ के माध्यम से मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन भेजा। कहा कि महंगी बिजली व जबरदस्ती थोपा गया स्मार्ट मीटर बिना सहमति के लगाया जाना उचित नहीं है।

मंगलवार को ज्ञापन भेजते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर से गरीब, किसानों, मजदूरों व मध्य मवर्गीय परिवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कहा कि बिजली के निजीकरण के लिए पांच बार लोकसभा में बिजली बिल बहुमत होने के बावजूद पारित नहीं किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर से लाखों कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा और बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। संविदा कर्मचारियों से कम मानदेय में ज्यादा काम लिया जाएगा व स्थाई रोजगार समाप्त होगा। कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बीपीएल परिवारों, भूतपूर्व सैनिकों, किसानों, लघु उद्योगों के क्षेत्र में लगे कर्मचारियों को बिजली के छूटों में कटौती होगी। इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह रावत, परिवर्तन पार्टी के महासचिव नरेश नौटियाल, सीटू के जिलामंत्री देवानंद नौटियाल, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी, ठाकुर सिंह, शिवप्रसाद रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

# नई टिहरी में 498 वादों का हुआ निस्तारण

नई टिहरी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला न्यायालय सहित वाह्य अदालतों में कुल 498 वादों का निस्तारण 2 करोड़ 79 लाख 88 हजार 945 रुपये की धनराशि के सुलह समझौते पर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी ने बताया कि जिला जज योगेश कुमार गुप्ता की बेंच में 11 वादों का निस्तारण 38 लाख 9 हजार 995 रूपये धनराशि के सुलह समझौते पर किया। कुटुंब न्यायालय अब्दुल कय्यूम की बेंच ने 12 वादों का निस्तारण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नसीम अहमद की बेंच ने 3 वादों का निस्तारण 17 लाख 40 हजार रुपये, सीजेएम मिथिलेश पांडेय की बेंच ने 34 वादों का निस्तारण 4 लाख 82 हजार 500 रुपये, सीनियर सिविल जज मोहम्मद याकूब की बेंच ने 18 वादों का निस्तारण 15 लाख 72 हजार 850 रुपये अपर सिविल जज आफिया मतीन की बेंच ने 44 वादों का निस्तारण 43 लाख 1 हजार 409 रुपये, सिविल जज जूनियर डिवीजन कुलदीप नारायण की बेंच ने 42 वादों का निस्तारण 81 लाख 9 हजार 314 रुपये, वाह्य न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन नरेंद्रनगर श्रेय गुप्ता की बेंच ने सर्वाधिक 203 वादों का निस्तारण सुलह समझौते पर किया गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन कीर्तिनगर शैलेंद्र कुमार यादव की बेंच ने 17 वादों का निस्तारण 7 लाख 47 हजार 500 रुपये और अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन स्तर पर कुल 114 वादों का निस्तारण 72 लाख 25 हजार 377 रुपये की धनराशि के सुलह समझौते पर किया गया। (एजेंसी)

## ऋतु खंडूरी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन

नई टिहरी : कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि विधानसभा अध्यक्ष निष्पक्ष होता है। लेकिन विस सत्र के दौरान बजाए पहाड़ियों को कथित तौर पर अपशब्द बोलने वाले मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर कार्यवाही करने के, इसका प्रतिकार करने वाले कांग्रेस विधायक को ही सदन से बाहर किया। मंगलवार को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बौराड़ी के साईं चौक पर प्रदर्शन कर विधानसभा अध्यक्ष खंडूड़ी का पुतला जलाया। कहा कि जिस तरह से भाजपा के लोग लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं, वह खतरनाक है। कहा कि बदरीनाथ विधायक बुटोला ने इस अपमान को सहने के बजाए वहां से बाहर जाना उचित समझा।

# चिनग्वाड़ गांव में आयोजित हुआ जनता मिलन कार्यक्रम

### जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में पहुंच रहा नल से जल, नियमित रूप से मिल रहा है राशन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर ने मंगलवार को विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत चिनग्वाड़ में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा सड़क, मोबाइल नेटवर्क, जंगली जानवरों के आतंक आदि समस्याओं से अवगत कराया गया। जिला सूचना अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उनका संबंधित विभागों से निस्तारण कराया जाएगा।

पंचायत भवन चिनग्वाड़ में आयोजित



बैठक के दौरान ग्रामीणों ने मोबाइल नेटवर्क की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि क्षेत्र में कनेक्टिविटी की समस्या बनी रहती है। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि पांच ग्राम सभाओं में एक ही आशा कार्यकत्री कार्यरत है। ग्रामीणों का कहना था कि निर्धारित मानक के अनुसार गांव में एक कार्यकत्री की तैनाती की जानी आवश्यक है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री विनीता देवी ने बताया कि गांव में आंगनबाड़ी भवन नहीं है तथा वर्तमान में अस्थाई रूप से बारातघर में संचालित हो रहा है, जिससे किसी भी कार्यक्रम के दौरान वहां से सामान हटाना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में उपलब्ध जगह पर आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जा सकता है। ग्रामीण राजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में अकसर कम वोल्टेज विद्युत आपूर्ति होती है, जिसके लिए हाई वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने की आवश्यकता है। निवर्तमान ग्राम प्रधान रतन सिंह ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में नल से जल पहुंच रहा है तथा पानी की निर्बाध रूप से आपूर्ति हो रही है। ग्रामीणों द्वारा गांव के लिए पीएमजीएसवाई द्वारा निर्मित मोटर मार्ग में सड़क किनारे पुस्ते, क्षतिग्रस्त नहर, सड़क निर्माण के बाद मुआवजा न मिलने आदि समस्याओं से भी अवगत कराया गया। वहीं ग्रामीणों ने बंदर, सुअर आदि जंगली जानवरों से उनकी फसल को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने के लिए तार से घेरबाड़ करने की भी मांग की।

# मत्स्य विभाग ट्राउट मछली के बड़े प्रोजेक्ट बनाएं : डीएम

### डीएम ने की आरआईडीएफ के तहत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में नाबार्ड द्वारा वित पोषित ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाबार्ड द्वारा हेमकुंड पैदल मार्ग व रेलिंग कार्यों को लेकर पीडब्ल्यूडी को विभागीय समीक्षा करते हुए आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सिंचाई विभाग को जोशीमठ व दशोली ब्लॉक के बाढ़ प्रोटेक्शन कार्यों के प्रस्ताव बनाने व मत्स्य विभाग को आरआईडीएफ के तहत मंडल व देवाल में ट्राउट मछली के बड़े प्रोजेक्ट बनाने



को कहा। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी विभागों को बड़े प्रोजेक्टों की प्रगति के फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड श्रेयांश जोशी ने बताया कि जनपद में नाबार्ड द्वारा वित पोषित ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास निधि के अन्तर्गत पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा, उद्यान, लोनिवि, सिंचाई व तकनीकी शिक्षा आदि विभागों के माध्यम से 220 करोड़ के 101 प्रोजेक्ट चल रहे हैं। जिसमें पीडब्लूडी को 17, लद्यु सिंचाई में 13, शिक्षा विभाग को 10, सिंचाई को 6 व पशुपालन विभाग को 4 प्रोजेक्ट शामिल हैं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली के निजीकरण को लेकर माकपा का प्रदर्शन

नई टिहरी : बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर के खिलाफ मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्यव्यापी आह्वान पर नई टिहरी में ऊर्जा निगम के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद ऊर्जा निगम के ईई को ज्ञापन भी सौंपा। धरने के बाद सौंपे गए ज्ञापन में माकपा ने कहा कि वह बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर का पुरजोर विरोध करती है। पार्टी ने इसे एक जनविरोधी फैसला बताते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार का चोर दरवाजे से बिजली के निजीकरण की ओर बढ़ाया गया कदम है, जिसका सीधा नुकसान गरीब जनता, किसानों और मजदूरों को होगा। माकपा ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकार जनता को छलने का काम कर रही है। उदाहरण देते हुए कहा कि पहले एक कंपनी ने मुफ्त में सिम और



मोबाइल बांटे थे और अब उसी कंपनी से महंगे टैरिफ वसूलने का काम किया जा रहा है। माकपा का आरोप है कि सरकार की मंशा बिजली और संचार क्षेत्र में रिलायंस, अडानी और टाटा ग्रुप को मजबूत करना है। इसके लिए जनता पर बोझ डालने का काम किया जा रहा है और महंगे स्मार्ट मीटरों की कीमत भी जनता से वसूली जाएगी। माकपा ने चेतावनी दी कि अगर बिजली के निजीकरण को रोका नहीं गया, तो पार्टी जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

# "राष्ट्रीय एकता यात्रा" के अंतर्गत मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले के बच्चों ने राज्यपाल गुरमीत सिंह से भेंट की

देहरादून। मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले के बच्चों ने ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' के अंतर्गत राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मुलाकात की। यह यात्रा असम राइफल्स ''ऑपरेशन सद्भावना'' के तहत आयोजित की गई, जिसमें टेंग्नौपाल के 4 शिक्षकों के साथ 28 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। पहली बार अपने क्षेत्र से बाहर निकले ये बच्चे इस यात्रा के दौरान भारतीय सैन्य अकादमी, वन अनुसंधान संस्थान आदि का भ्रमण करेंगे, जिससे उन्हें उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए भारत की एकता, अखंडता और विविधता पर जोर दिया और उन्हें इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विरासत और परंपराएं अत्यंत समृद्ध हैं और इनका योगदान देश की प्रगति में महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ''ऑपरेशन सद्भावना'' सीमांत क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने शहीदों को नमन कर संभाला कार्यभार

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने मंगलवार को राज्य आंदोलन के शहीदों और महापुरुषों को नमन करते हुए अपना संभाला। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद भाजपा के आदर्श पंडित दीनदयाल उपाध्याय और उत्तराखंड के गांधी इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर कोटि–कोटि नमन किया।

उसके बाद उत्तराखंड के शहीदों को कचहरी परिसर में पुष्पांजलि के माध्यम से उनकी शहादत को याद करते हुए नमन किया। देहरादून बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल एवं बार काउंसिल के सदस्य अनिल पंडित सहित कई अधिवक्ताओं ने वहां महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल का स्वागत अभिनंदन भी किया गया। इस दौरान सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा कि संगठन ने उन्हें दोबारा जिम्मेदारी दी है तो वे उसे पूरे समर्पण एवं निष्ठा के साथ निभाएंगे।

# डीएम ने सुरकंडा में यात्रा को बेहतर बनाने पर दिया जोर

नई टिहरी : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सुरकंडा मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुरकंडा यात्रा को और बेहतर तरीके से संचालित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कूड़ा निस्तारण को प्रॉपर तरीके से करने की बात कही और वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़ा निस्तारण की निगरानी करें। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से चालान की कार्यवाही की जाए। मंगलवार को जिला वीसी सभागार में आयोजित बैठक में सुरकंडा मंदिर समिति ने मंदिर क्षेत्र को पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर बनाने के लिए देवदार के पौधों के रोपण की मांग की। इस पर डीएम दीक्षित ने डीएफओ नरेंद्रनगर को कार्यवाही के



निर्देश दिए। समिति ने मंदिर के आसपास हर्बल व औषधीय वनस्पति को संरक्षित करने, प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाने और कपड़े के बैग का उपयोग बढ़ाने की मांग की। डीएम ने पीडी डीआरडीए पीएस चौहान को स्वयं सहाय्यता समूह से एक हजार कपड़े के बैग खरीदने और मंदिर के नजदीकी बाजार व आस-पास की दुकानदारों को विक्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण केवल निर्धारित स्थल पर ही होना चाहिए और इसके लिए बीडीओ जौनपुर को ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार कूड़ा उठाने का निर्देश दिया। इसके अलावा, एसडीएम धनोल्टी को कूड़ा निस्तारण की निगरानी करने के लिए कहा गया। डीएम दीक्षित ने सुरकंडा मंदिर तक जाने वाले पैदल मार्ग और धनोल्टी क्षेत्र में डस्टबिन लगाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर डीडीओ मोहम्मद असलम, एसडीएम धनोल्टी मंजू राजपूत, ग्राम प्रशासक धनोल्टी नीरज बेलवाल, मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, रघुभाई जड़धारी, ईको पार्क के सचिव मनोज उनियाल मौजूद थे। (एजेंसी)

# हाउस ऑफ हिमालय थीम पर ग्रोथ सेंटर का प्रस्ताव बनाएं : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : ग्रीष्मकालीन राजधानी परिक्षेत्र में अवस्थापना विकास एवं आवश्यक सुविधाएं विकसित किए जाने को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए प्रस्तावों को लेकर चर्चा की गयी। डीएम ने कृषि एवं उद्यान को हाइड्रोपोनिक्स तकनीक व फ्लोरीकल्चर पर विशेष फोकस करने को कहा। कहा कि हाउस ऑफ हिमालय थीम पर ग्रोथ सेन्टर का प्रस्ताव बनाएं, जिसमें स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग व पैकेजिंग की जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आगामी 25 वर्षों के हिसाब से कार्य योजना बनाने, पीडब्ल्यूडी को निरीक्षण भवन के विस्तारीकरण और डेयरी को सिमली मिल्क प्लांट का अपग्रेडेशन का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने यूपीसीएल को विद्युत



तारों को अंडर ग्राउंड करने को लेकर प्रस्ताव बनाने, शिक्षा विभाग को गैरसैंण में लाइब्रेरी का प्रस्ताव बनाने तथा नगर पंचायत व पेयजल विभाग को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का प्रस्ताव बनाने को कहा। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को शहर के ड्रेनेज सिस्टम व शहर के सौन्दर्यीकरण को लेकर प्रस्ताव बनाने व सरकारी भवनों व दुकानो की कलर कोडिंग कराने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को आपदा से क्षतिग्रस्त खनसर घाटी के गदेरों की सुरक्षात्मक दीवारों का प्रस्ताव बनाने और कृषि एवं लघु सिंचाई को जल संरक्षण एवं सिंचाई को लेकर कंबाइंड प्लान बनाने के निर्देश दिए।

# दून पुस्तकालय में कलाकारों ने बरसाए फाग गीतों के रंग

देहरादून। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र की ओर से मंगलवार को फाग के गीत रंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के ओपन एयर थिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुमाउनी, गढ़वाली, ब्रज व अवध अंचल में प्रचलित शास्त्रीय और लोक आधारित होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई।

आकाशवाणी के टॉप ग्रेड सितार वादक पं. रॉबिन कर्माकार के नेतृत्व में महिला गायकों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। होली गीतों के गायन में सुप्रसिद्ध लोक गायिका रेखा उनियाल धस्माना, पुष्पा रावत, आशा रावत, अंजू भट्ट, शिवानी कर्माकर, नीलम बिष्ट, लीला बिष्ट, मीनू नेगी, सरिता मेंदोलिया, सरिता कुलाश्री, विजया शर्मा, सुनीता बहुगुणा ने एक से बढ़कर एक सामूहिक होली गीतों की प्रस्तुति दी। होली गीतों में खेला होरी खाला होरी, घोला रंग प्रेमी रंग, मन मोहन नन्द किशोर, रंग खेलो रंग खेलो आदि गीतों की प्रस्तुति दी गई। वादन में हारमोनियम पर पंडित रॉबिन कर्मकार, तबले पर सैकत मंडल, ढोलक पर मदन लाल चड्ढा, बांसुरी पर दिनेश प्रसाद ने शानदार संगत की। कार्यक्रम का संचालन शांति बिंजोला और रक्षा बौड़ाई ने किया। इस दौरान दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र के गवर्निंग बॉडी के सदस्य और पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडे, दून पुस्तकालय के प्रोग्राम एसोसिएट चंद्रशेखर तिवारी, निकोलस हॉफलैंड, डॉ योगेश धस्माना, सुन्दर सिंह बिष्ट, बिजू नेगी, राकेश भट्ट, हिमांशु आहूजा, दक्ष तिवारी आदि मौजूद रहे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com